गतिविधि 11. . नीचे दिए चित्रों में कम से कम पाँच अंतर खोजें?

गतिविधि 12. अभिभावक दी गई पहेलियों को पढ़कर सुनाएं और इसका जवाब बच्चों को सोचने और बताने के लिए कहें।

पहेली–

1- सूप जैसे कान, मोटे–मोटे पांव, लम्बे–लम्बे दांत हैं।
2- सिर पर ताज, दुम पर पैसा, बादल देख नाचे कैसा।
3- हरा मेरा रंग है लाल मेरी चोंच लाल मिर्च खाता हूँ।

पहेलियों के उत्तर – (हाथी ,मोर ,तोता)

वर्कशीट निर्माणकर्ता –
डा.संगीता (सहायक अध्यापिका), रा .प्रा .विद्यालय सितारगंज द्वितीय, उधम सिंह नगर, उत्तराखंड
श्रीमती कल्याणी घोष (सहायक अध्यापिका) रा. प्रा. विद्यालय 5 क्वाट उधम सिंह नगर, उत्तराखंड

तकनीकी सहयोग
–रूम टू रीड इंडिया ट्रस्ट

कक्षा– 2, वर्क शीट–11 (साप्ताहिक)

पाठ–11 (टेसू राजा बीच बाजार)

बच्चे का नाम........................	स्कूल....................................
अभिभावक का नाम.................	मोबाइल नम्बर............................

अभिभावकों के लिए– हम आशा करते हैं कि आप या घर का कोई भी सदस्य इस वर्क शीट के कार्य को पूरा करने में बच्चे की मदद करेंगे।

गतिविधि 1. ***अभिभावक के लिए –*** नीचे दिए गए चित्र पर बच्चों से खूब सारी बातचीत करें। जैसे– इस चित्र में आप क्या–क्या देख रहे हैं? यह किस जगह का चित्र है? फलों को देखकर आदमी क्या सोच रहा है? अगर आप यहाँ होते तो क्या करते? आदि।

गतिविधि 2. ऊपर दिए चित्र में से अपना मनपसंद चित्र बनाकर रंग भरें व उसके बारे में लिखें।

गतिविधि 3. 'फल' तथा 'खेल' शब्द को सुनकर आपके मन में कौन–कौन से नाम आ रहे हैं, नीचे तीर के निशान के सामने लिखें।





गतिविधि 4. *नीचे दी गई कविता बच्चों को पढ़कर सुनाएं और साथ में बच्चे भी गाएं। कविता से संबंधित प्रश्नो पर चर्चा करें और उत्तर लिखें।*



11. टेसू राजा बीच बाज़ार

टेसू राजा बीच बाज़ार,
खड़े हुए ले रहे अनार।

इस अनार में कितने दाने?
जितने हों कंबल में खाने।

कितने हैं कंबल में खाने?
भेड़ भला क्यूँ लगी बताने!

एक झुंड में भेड़ें कितनी?
एक पेड़ पर पत्ती जितनी।

62



एक पेड़ पर कितने पत्ते?
जितने गोपी के घर लत्ते।

गोपी के घर लत्ते कितने?
कलकत्ते में कुत्ते जितने।

बीस लाख तेईस हज़ार,
दाने वाला एक अनार।

टेसू राजा कहें पुकार,
लाओ मुझको दे दो चार।

63

चर्चा के लिए प्रश्न

1. *एक भुट्टे में कितने दाने होंगे?*
2. *झुंड में भेंडें कितनी होंगी?*
3. *बाजार में आप क्या–क्या चीजें खरीदतें है?*

गतिविधि 5. *'टेसू राजा बीच बाजार' कविता से बच्चे अपनी पसंद का चित्र बनाएं और उसके बारे में लिखें।*

गतिविधि 6. *अभिभावक नीचे दिए गए वर्ग पहेली से कविता में आये शब्दों को ढूंढ़ने में बच्चों की मदद करें। बच्चे उस पर गोला बनाएं और डॉट–डॉट वाली जगह में लिखने का प्रयास करें।*

अ	ना	र	टे	सू
झुं	ड	ते	कं	ह
गो	रा	ई	ब	जा
पी	जा	स	ल	र
क	ल	क	त्ते	हे

जैसे–
अनार ....
....
....

गतिविधि 7.- *नीचे लिखे शब्दों को पढ़िए तथा मिलती–जुलती आवाज़ वाले शब्दों को मिलाइए।*

(क)	(ख)
टेसू	लत्ते
राजा	बाजा
गोपी	जितने
दाने	रेशू
कितने	गाने
पत्ते	टोपी

गतिविधि 8. *. नीचे लिखे शब्दों को मिलाकर पढ़ें और लिखें।*

क	बू	त	र

कबूतर

टे	सू

सू	र	ज

दू	ध

गतिविधि 9. *'टेसू राजा बीच बाजार' कविता में 'ऊ' की मात्रा वाले शब्दों को ढूँढ़ कर शब्दों की रेलगाड़ी बनाएं और बच्चे उसमें अपना मनपसंद रंग भरें।*



गतिविधि 10. ***अभिभावक के लिए–*** *बच्चे को अपने बचपन में खेले खेल के अनुभव के बारे में बातचीत करें और बच्चों से उन के पसंदीदा खेल पर चर्चा करवाएं।*